# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक : 03/08/2026

## अधिसूचना

संख्या– नि॰प्रा॰/नि॰ 1–01/2025 1879 बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2011 के धारा–14 क (1) के प्रावधानों के आलोक में सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या–1273 दिनांक 01.03.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों की प्रबंध समिति के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा–5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **इंडियन बैंक कर्मचारी साख एवं बचत स्वाबलम्बी सहकारी समिति लि॰, पटना, पटना सर्किल स्टेट बैंक इम्पलाईज को–ऑपरेटिव क्रेडिट एवं थ्रिफ्ट सोसाईटी लि॰, पटना, एवं दी बिहार स्टेट इलाहाबाद बैंक इम्पलाईज क्रेडिट एवं थ्रिफ्ट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि॰, पटना** के निर्वाचन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

3. अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर उक्त समिति के निर्वाचन हेतु अपने अधीन कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/वरीय उप–समाहर्त्ता को उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

4. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना के निर्देशन एवं नियंत्रण में अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर संबंधित समिति का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. उक्त सभी पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा–4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का संचालन करेंगे।

3.8.26

**(कयूम अंसारी)**
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 1879 /पटना, दिनांक : 03/08/2026

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

3.8.26

**संयुक्त सचिव**

पृष्ठ–02

ज्ञापांक : 1879 /पटना, दिनांक : 03/08/2026

प्रतिलिपि : अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर/ संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.8.26

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 1879 /पटना, दिनांक : 03/08/2026

प्रतिलिपिः निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.8.26

**संयुक्त सचिव**